आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

## प्रधानमंत्री वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास में और वर्तमान में भी युवा ऊर्जा ने भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि स्वंतंत्रता संग्राम से लेकर 21वीं सदी के जन आंदोलनों तक देश के युवा ने हर क्रांति में योगदान किया है।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिल्कफेड अब प्रतिदिन दो लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है और दूध उत्पादकों के मासिक भुगतान को 8 करोड़ 70 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ 62 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीद रही है। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से मिल्कफेड के माध्यम से राज्य भर में 4 सौ 55 स्वचालित दूध संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## हर्ष वर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थानों में आधारभूत ढ़ाचे को सुदृढ किया

जा रहा है। वे आज शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सडियार में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने शिक्षकों व अभिभावकों से आह्वान किया कि वह बच्चों में अच्छे संस्कार और नशा मुक्त जीवन के महत्व के बारे शिक्षित करें ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकें। बाद में उद्योग मंत्री ने सतौन में सालवाला–भटरोड–सतौन सड़क मार्ग का भूमि पूजन और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन सतौन का शिलान्यास भी किया।

कार्निवॉल

राजधानी शिमला में इन दिनों विंटर कार्निवॉल की धूम है। इस दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक दलों सहित कई जाने माने कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से स्थानीय लोगों और बड़ी संख्या में शिमला पहुंच रहे पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं।

*जहां एक ओर प्रदेश से बाहरी राज्यों के कलाकार दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं वहीं हिमाचली कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटकों को भी हिमाचली संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। अब तक आयोजित दो सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों का जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान खचाखच भरे रिज मैदान पर पर्यटक खूब झूमते नजर आए। दस दिनों तक चलने वाले इस कार्निवॉल में वाइस ऑफ शिमला, मिस कार्निवॉल, राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।*

आग

चंबा ज़िला के कुरांह नामक स्थान पर नगर परिषद का कूड़ा संयंत्र जलकर राख हो गया है। इस घटना में संयंत्र के अंदर मौजूद ऑपरेटर ने भागकर अपनी जान बचाई, जबकि इसमें स्थापित कम्पोस्ट यूनिट की कई मशीनें आग की भेंट चढ़ गईं। इस अग्निकांड में करीब 2 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अधिसूचना

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 के हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की तिथि की अधिसूचना जारी की है।

-------------------------------------------------------------------------------------------